>

Title: Need to open a Kendriya Vidayala in Sambhal Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

डॉ. शफ़ीकुर्रहमान बर्क (सम्भल): आपका ध्यान मैं अपने संसदीय क्षेत्र सम्भल जिला मुरादाबाद में अभी तक केन्द्रीय विद्यालय न खोलने के बारे में दिलाना चाहता हूं। जबकि यहां 3-4 साल पहले केन्द्रीय विद्यालय मंजूर हुआ था। उसके बाद कई बार मंत्रालय से अनुरोध भी किया और सदन में भी इसे कई बार उठाया लेकिन यह मामला ज्यों का त्यों है, जिसका बेहद अफसोस भी है। जहां केन्द्र सरकार पढ़ाई पर इतना जोर दे रही है वहीं मेरे संसदीय क्षेत्र सम्भल में पहले से मंजूर केन्द्रीय विद्यालय न खोलकर नाइंसाफी कर रही है।

आपसे गुजारिश है कि आप मेरे संसदीय क्षेत्र सम्भल में 3-4 साल पहले मंजूर हुए केन्द्रीय विद्यालय को जल्द से जल्द खुलवाने की मेहरबानी करें।